947. निम्न में से कौन सा दुर्ग कुम्भा द्वारा निर्मित नहीं है?
(a) कुम्भलगढ़ (b) बसंती दुर्ग
(c) मचान दुर्ग (d) गागरोण दुर्ग
Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Ans. (d) : गागरोण दुर्ग का निर्माण राजपूत राजा बीजलदेव सिंह दोद द्वारा कराया गया था। यह एक मात्र ऐसा किला है जो चारों ओर से पानी से घिरा हुआ है, इस कारण इसे जलदुर्ग के नाम से भी पुकारा जाता है। यह राजस्थान के झालावाड़ जिले में स्थित है। जबकि कुंभलगढ़, बसंती एवं मचान दुर्ग का निर्माण राणा कुंभा ने करवाया था। गागरोन किले में एक कोट का निर्माण कराकर महमूद खिलजी प्रथम ने इसका नाम मुस्तफाबाद रखा।

948. गागरोन का किला निम्न में से किस जिले में स्थित है?
(a) झालावाड़ (b) अजमेर
(c) उदयपुर (d) कोटा
उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

949. महमूद खिलजी प्रथम ने राजस्थान के किस किले में एक कोट का निर्माण करवाया उसका नाम मुस्तफाबाद रखा-
(a) अचलगढ़ (b) लोहागढ़
(c) शेरगढ़ (d) गागरोन
Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

950. किस मुगल सम्राट ने कोटा महाराव भीमसिंह को पुरस्कार स्वरूप शेरगढ़ का किला प्रदान किया था?
(a) औरंगजेब (b) फ़र्रूख़सियर
(c) शाह आलम (d) शाहजहाँ
Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (b) : फर्रूख़सियर ने कोटा के महाराव भीमसिंह को पुरस्कार स्वरूप शेरगढ़ का किला प्रदान किया था। भीमसिंह वर्ष 1707 से 1720 ई. तक कोटा के शासक थे। भीमसिंह ने फर्रूख़सियर को गद्दी पर बैढ़ाने हेतु सैय्यद बन्धुओं की मदद की थी। फलस्वरूप फर्रूख़सियर ने इन्हें 5000 का मनसब प्रदान किया।

951. 'चोखोलाव महल' राजस्थान के किस किले में स्थित है?
(a) हनुमानगढ़ दुर्ग (b) आमेर दुर्ग
(c) जोधपुर दुर्ग (d) बीकानेर दुर्ग
Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (c) : चोखोलाव महल राजस्थान के जोधपुर दुर्ग में स्थित है। यह जोधुपर में स्थित मेहरानगढ़ किला में स्थित है। वर्तमान में यह एक प्रसिद्ध रेस्टोरेंट है। मेहरानगढ़ दुर्ग, जोधपुर की चिड़ियाटूँक पहाड़ी पर स्थित है। जोधपुर किले का निर्माण जोधपुर के संस्थापक राव जोधा ने 1459 ई. में कराया था।

952. अलाउद्दीन खिलजी ने किस दुर्ग को जीतकर उसका नाम खैराबाद रखा?
(a) सिवाण दुर्ग (b) जोधपुर दुर्ग
(c) रणथम्भोर दुर्ग (d) चित्तौड़ दुर्ग
कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (a) : अलाउद्दीन ने सिवाणा दुर्ग को जीतकर उसका नाम खैराबाद रखा। सिवाणा दुर्ग, बाड़मेर जिले में स्थित है। इसका निर्माण वीर नारायण परमार द्वारा किया गया था। 1308 ई. में अलाउद्दीन ने सातलदेव सोनगरा को पराजित करके इस दुर्ग पर कब्जा कर लिया। यह दुर्ग हल्देश्वर पहाड़ी पर स्थित है।

953. ''अतारकिन-का-दरवाजा''राजस्थान के निम्न में से किस जिले में स्थित है?
(a) नागौर (b) अजमेर
(c) जालौर (d) चित्तौड़गढ़
उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)

Ans. (a) – अतारकिन का दरवाजा राजस्थान के नागौर में स्थित है। इसका निर्माण इल्तुतमिश ने करवाया था। इल्तुतमिश के अन्य निर्माण-दिल्ली में हौज-ए- शम्सी एवं मदरसा-ए-नासीरिया, बदायूँ में जामी मस्जिद आदि हैं सुल्तानगढ़ी का मकबरा इल्तुतमिश ने 1231 ई. में बनवाया था,जो सल्तनत काल का प्रथम मकबरा है।

954. राजस्थान के किस शहर में भटनेर दुर्ग स्थित है?
(a) बीकानेर (b) चित्तौड़गढ़
(c) हनुमानगढ़ (d) डूंगरपुर
पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (c) – हनुमानगढ़ जिले में स्थित यह किला लगभग 50 बीघा भूमि पर स्थित है। यह दुर्ग प्राचीन है। मूल दुर्ग मिट्टी का था। बाद में समय समय पर पक्की ईटों से निर्माण होता रहा। इसे राजस्थान के उत्तरी सीमा का प्रहरी कहा जाता है।

955. 'गुब्बारा', 'नुसरत', 'नागपली', 'गजक' नाम है।
(a) मेवाड़ में प्रचलित राजस्व वसूली करों के नाम
(b) जोधपुर दुर्ग की तोपों के नाम
(c) मेवाड़ में प्रचलित क्षेत्रीय मिठाइयों के नाम
(d) मारवाड़ के ठिकानों के वस्त्रों के नाम
Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (b) – गुब्बारा, नुसरत, नागपली, गजक राजस्थान के मेहरानगढ़ किला (जोधपुर) में स्थापित तोपों के नाम हैं। इस दुर्ग में अनेक ऐतिहासिक तोपे रखीं हैं। जिनमें किलकिला, शम्भुबाण, जमजमा, कड़क-बिजली, बगस-वाहन, बिच्छू-बाण, गजनी खां, नुसरत, गुब्बार, घूड़धाणी नामक तोपें प्रसिद्ध हैं।

956. बाला किला राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(a) जयपुर (b) अलवर
(c) अजमेर (d) जोधपुर
कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – अलवर दुर्ग– इसे बाला दुर्ग के नाम से भी जाना जाता है। 300 मी. ऊँचा तथा 5 किमी. के आकार से घिरा यह दुर्ग निकुंभ क्षत्रियों द्वारा निर्मित है। हसन खाँ मेवाती ने इसकी मरम्मत करवाई थी। इसमें जयमहल व निकुंभ महल स्थित है। इस दुर्ग में जहाँगीर तीन साल तक रहा था इसलिए उसे सलीम महल भी कहते हैं।

957. जगत शिरोमणि मन्दिर किस दुर्ग के उत्तर-पश्चिम में स्थित है?
(a) तारागढ़ दुर्ग (अजमेर) (b) अचलगढ़
(c) आमेर दुर्ग (d) सज्जनगढ़
कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018